**Regarding establishment of a medical college in Khagaria Parliamentary Constituencies**

श्री राजेश वर्मा (खगड़िया) **:** माननीय सभापति महोदया जी, मैं आपका धन्यवाद करना चाहता हूं कि आपने मुझे पहली बार इस सदन में बोलने का मौका दिया । मैं आपके माध्यम से खगड़िया की जनता का धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे यह सौभाग्य दिया और लोकतंत्र के सबसे बड़े मंदिर में प्रतिनिधित्व करने का अवसर दिया ।

खगड़िया लोक सभा क्षेत्र बिहार का सबसे पिछड़ा हुआ इलाका है । यहां एक तरफ हम लोग बाढ़ और सुखाड़ की मार तो झेलते ही हैं लेकिन दूसरी तरफ मूलभूत समस्याओं से भी जूझ रहे हैं । मैं आपका ध्यान खगड़िया में स्वास्थ्य समस्याओं की तरफ दिलाना चाहता हूं । हमारे यहां मात्र एक जिला अस्पताल है, जहां लोग डॉक्टर, नर्स और स्टाफ के अभाव में स्वास्थ्य सेवाओं से जूझ रहे हैं । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हमारे जिले को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राशि आबंटित की जाए । इसके साथ ही खगड़िया लोकसभा क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज की भी मांग है ताकि यहां स्वास्थ्य सेवाएं सुचारू रूप से सुनिश्चित की जा सकें । आज भी यहां कई ऐसे परिवार हैं जिनके सदस्यों ने अपनी जान केवल इसीलिए गंवाई क्योंकि यहां बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध नहीं हैं ।

मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं ताकि यहां स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर उपलब्ध हों और इसे सुनिश्चित करने के लिए यहां मेडिकल कॉलेज बने । मैं देश के यशस्वी प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी का धन्यवाद देता हूं कि उनके द्वारा देश बिहार, जो कि पिछड़ा राज्य है, को विशेष पैकेज देने का काम किया गया । धन्यवाद ।